कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर।

पत्रांक–एस0एस0ए0/के०जी०बी०वी० / 8305–13/2024–25 दिनांक : 07/01/25

उच्चीकृत के०जी०बी०वी० में चयन हेतु विज्ञप्ति

उच्चीकृत के०जी०बी०वी० के रिक्त पदों पर कार्मिकों के चयन/पदस्थापन के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–1/ 570148/2024 फाइल नं0–68–5099 / 23 / 2024–5 दिनांक 28.05.2024 तथा राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा के पत्रांक– के०जी०बी०वी० / 1837 / 2024–25 दिनांक 30.05.2024 के साथ संलग्न शासनादेश संख्या–68/5099 / 23–2024 अनुभाग दिनांक 21.10.2024 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप जनपद के उच्चीकृत 01 एकेडमिक ब्लॉक (जैतीपुर) तथा 05 छात्रावास (जलालाबाद, खुटार, ददरौल, तिलहर ग्रामीण तथा जैतीपुर) में निर्धारित अर्हता रखने वाले योग्य महिला अभ्यर्थियों से एक वर्ष / शैक्षिक सत्र के लिए संविदा के आधार पर चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, शाहजहाँपुर में विलम्बतम् दिनाँक 24.01.2025 तक सायं 05 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। साधारण डाक / कोरियर आदि से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले, अपूर्ण व निर्धारित योग्यता धारित न करने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नही किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है :–

क्र० सं०	छात्रावास/एकेडमिक ब्लॉक	पदनाम	प्रतिमाह नियत मानदेय (रू०में)	वर्गवार पदों का विवरण			योग
				अनारक्षित	अ०पि०व०	अनु०जा०	
1	एकेडमिक ब्लॉक (01)	प्रधानाचार्या	30000/-	1	0	0	1
2		पी०जी०टी० हिन्दी	22000/-	1	0	0	1
3		पी०जी०टी० अंग्रेजी	22000/-	1	0	0	1
4		पी०जी०टी० गणित	22000/-	1	0	0	1
5		पी०जी०टी० जीव विज्ञान	22000/-	1	0	0	1
6		पी०जी०टी० रसायन विज्ञान	22000/-	1	0	0	1
7		पी०जी०टी० भौतिक विज्ञान	22000/-	1	0	0	1
8		कम्प्यूटर विज्ञान	22000/-	1	0	0	1
9		लैब असिस्टेन्ट	7147/-	1	1	1	3
10		कार्यालय अधीक्षक	12430/-	1	0	0	1
11	छात्रावास (05)	चपरासी	7147/-	3	1	1	5
12		चौकीदार	7147/-	3	1	1	5
13		रसोईया	6433/-	3	1	1	5
	योग			19	4	4	27

उक्तानुसार पदों हेतु निर्धारित योग्यता, निर्धारित आयु, चयन के मानक आदि का विस्तृत विवरण, आवेदन पत्र का प्रारूप व शासनादेश को जनपद शाहजहाँपुर की एन0आई0सी0 बेवसाइट www.shahjahanpur.nic.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त पदों पर चयन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खिरनी बाग, शाहजहाँपुर पिन कोड–242001 पर अन्तिम तिथि 24.01.2025 तक प्रेषित कर सकते है। अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों, अपूर्ण तथा निर्धारित योग्यता न रखने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

(दिव्या गुप्ता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
शाहजहाँपुर।